# संजौली कॉलेज का अन्न संजीवनी अभियान शुरू

शिमला। राजकीय महाविद्यालय संजौली की एनएसएस इकाई ने जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए अन्न संजीवनी अभियान शुरू किया। इसके तहत स्वयं सेवी स्टॉल लगाकर अन्न एकत्रित कर रहे हैं। यह अभियान 25 अक्तूबर तक चलेगा। अन्न को एकत्र कर अनाथालयों, वृद्धाश्रमों और जरुरतमंदों को उपलब्ध करवाया जाएगा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. भारती भागड़ा ने बुधवार को कॉलेज में अन्न एकत्र करने के इस अभियान का शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ. भागड़ा ने इस अभियान में 25 किलोग्राम राशन का सहयोग किया और आर्थिक मदद भी की। विधायक हरीश जनारथा और नगर निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान ने भी आर्थिक सहायता राशि दी। इस मौके पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुपम वर्मा, डॉ. पूजा डॉल्टा विदिशा वर्मा मौजूद रहीं। ब्यूरो

अमर उजाला 24-10-24

ओक के पौधों पर प्रशिक्षण ...

दैनिक भास्कर
शिमला भास्कर 21-08-2024

# महिला डॉक्टर की निर्मम हत्या करने वाले दोषी को मिलनी चाहिए कड़ी सजा



शिमला | संजौली कॉलेज की एनएसएस यूनिट ने कोलकाता में हुई महिला डॉक्टर की निर्मम हत्या मामले में श्रद्धांजलि देने के लिए एक कार्यक्रम करवाया। करुणा और सहानुभूति के इस मार्मिक प्रदर्शन में छात्र और संकाय सदस्य पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति सम्मान और एकजुटता दिखाने के लिए कार्यक्रम करवाया। एनएसएस इकाई कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. अनुपम वर्मा और डॉ. पूजा दुल्टा ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। उनका कहना है कि महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध हर हाल में रूकने चाहिए।

\

# संजौली कॉलेज बांटेगा 400 किलो राशन

शिमला। राजकीय महाविद्यालय संजौली की एनएसएस इकाई ने जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए चलाए संजीवनी अभियान के तहत 400 किलो राशन एकत्र किया। इसके लिए स्टाल लगाए गए थे। एकत्र किए राशन को जरूरतमंदों, अनाथालयों और वृद्धा आश्रम को भेजा जाएगा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. भारती भागड़ा और एसजेवीएन के निदेशक सुशील शर्मा ने इस अभियान में राशन तथा नकद राशि देकर सहयोग किया। प्रधानाचार्या डॉ. भारती भागड़ा ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुपम वर्मा और पूजा दुल्टा भी स्वयंसेवियों के इस सामूहिक प्रयास को सराहा। ब्यूरो

अमर उजाला 29-10-24

## दयानंद स्कूल में बताए तनाव प्रबंधन के तरीके

शिमला, 25 नवम्बर (ब्यूरो): संजौली कालेज की एन.एस.एस. इकाई द्वारा सोमवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 80 से अधिक स्वयंसेवियों ने भाग लिया तथा साथ ही कार्यक्रम अधिकारी डा. अनुपम वर्मा भी शिविर के दौरान मौजूद रहे। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों द्वारा ड्रिल, टीम बिल्डिंग प्रतियोगिताएं एवं ज्ञानवर्धन सत्र भी आयोजित किया गया। सचिव एवं इकाई अध्यक्ष द्वारा ज्ञानवर्धक सत्र की अध्यक्षता की गई, जिसमें स्वयंसेवियों को विभिन्न एन.एस.एस. शिविरों की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्या डा. भारती भागड़ा ने स्वयंसेवियों की सराहना करते हुए कहा कि इस शिविर से स्वयंसेवियों में एकता की भावना का विकास होगा व समाज के लिए एक साथ काम करने में सहयोग की भावना का भी विकास होगा।

26/11/24

**कुमारसैन (सोनी):** राजकीय महाविद्यालय कुमारसैन में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, ईको क्लब, रोवर एंड रेंजर्स के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय स्वच्छता अभियान का

Punjab Kesari @ 26/11/24

# अन्न संजीवनी अभियान के तहत एकत्र किया 400 किलो राशन

शिमला, 28 अक्तूबर (ब्यूरो): राजकीय महाविद्यालय संजौली की एन.एस.एस. इकाई के स्वयंसेवियों ने अन्न संजीवनी अभियान के अन्तर्गत स्टाल लगाकर 5 दिन जरूरतमंदों के लिए लगभग 400 किलोग्राम राशन एकत्रित किया है, जिसका वितरण जरूरतमंदों, अनाथालयों एवं वृद्धाश्रमों में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के समापन के दौरान महाविद्यालय की प्रधानाचार्या भारती भागडा सहित निदेशक एस.जे.वी.एन. सुशील शर्मा मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त अन्य शिक्षण एवं गैर-शिक्षण वर्ग ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़ अपनी भागीदारी दी। पंजाब केसरी ; 29/10/24

## ब्रीफ न्यूज



*शिमला : राजकीय महाविद्यालय संजौली में अन्न संजीवनी अभियान के अंतर्गत लगाए गए स्टाल। (नि.स.)*

ज्यमंत्री एवं ऊर्जा सचिव राकेश
वर और विशेष सचिव उर्जा अरिंदम

## एस.टी. सहित प्राप्त कार्य का शुल्क

निर्माण विभाग के संज्ञान में लाइनें सड़कों में बिछाने की र्य के शुल्क पर लगने वाला ो जमा करवाया है। लेकिन राशि को लोक निर्माण विभाग

जारी किए हैं कि दूरसंचार ोद्धार शुल्क विभाग में जमा जी.एस.टी. को जी.एस.टी. काम पूरा करने दिया जाए जाए। इससे संबंधित आदेश ग के सभी अधिकारियों को

## 7713

आड़े, खड़े व 3×3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। पहेली के एक से अधिक हल हो सकते हैं।

4

9

5

**सु-डोकू-7712 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 5 | 4 | 8 | 7 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 | 8 |
| 4 | 8 | 2 | 1 | 7 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 3 | 1 | 8 | 6 | 4 | 2 | 5 | 7 |
| 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 1 |
| 1 | 9 | 6 | 4 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 4 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 |
| 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 9 | 4 | 7 | 6 |

वर्मा तथा अन्य ...
भाग लिया। यह वार्ता शुक्रवार शाम
लगभग एक घंटा सौहार्दपूर्ण माहौल

# प्रकृति वर्मा ने किया प्रजातंत्र प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व

शिमला, 22 नवम्बर (ब्यूरो): राजकीय महाविद्यालय संजौली की एन.एस.एस. इकाई की स्वयंसेवी प्रकृति वर्मा ने अपनी टीम शहरी विकास दल एवं हिमाचल का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रजातंत्र की नगरपालिका वित्त और सहभागी बजटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। स्वयंसेवी प्रकृति वर्मा पूरे हिमाचल से एकमात्र प्रतिभागी थी जिसने अपने कौशल से प्रजातंत्र में अपना स्थान बनाया। दल प्रतिनिधि स्वयंसेवी ऋचा शर्मा ने अपने दल को प्रोत्साहित रखा एवं सभी सदस्यों का मार्गदर्शन किया।

इन प्रतियोगिताओं में दल प्रतिनिधि ऋचा शर्मा एवं प्रकृति वर्मा सहित अन्य सदस्यों विनीता नेगी, गुनगुन ठाकुर, अंशिका शर्मा, अंशुल ठाकुर, शुभम शर्मा, स्वयं भारद्वाज एवं भारतेंदू चंदेल ने भी भाग लिया। प्रधानाचार्य डा. भारती भागड़ा ने बधाई देते हुए स्वयंसेवियों की सराहना की। प्रकृति वर्मा ने उपमहापौर उमा कौशल सहित सह सयुंक्त भुवन शर्मा का भी सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम अधिकारी डा. अनुपम वर्मा एवं डा. पूजा डुल्टा ने भी स्वयंसेवियों को बधाई देते हुए सराहना की और उनके उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इसमें फ्रंट की सरकार की ...
काफी हद तक सहमति लग ...
वहीं बिजली बोर्ड में समाप्त



रोहड़ू : एल.बी.एस. कालेज ...

## एल.बी.एस ... की टीम

रोहड़ू, 22 नवम्बर (ब... उच्चतर शिक्षा विभाग की रैंकिं... को सैल्फ असैसमैंट रिपोर्ट के ... शास्त्री राजकीय महाविद्यालय ... निरीक्षण किया। इस निरीक्षण टी... के शैक्षणिक, सांस्कृतिक औ... विभिन्न पहलुओं का मूल्यांकन ...

इस दौरान टीम द्वारा सात ... पर महाविद्यालय की आधा... पुस्तकालय, छात्रावास, वार्षिक ... और सांस्कृतिक उपलब्धियों ... किया। निरीक्षण के दौरान रैंकिंग

## संजौली कॉलेज ने लिया कार्यशाला में भाग


**शिमला।** राजधानी शिमला के संजौली कॉलेज की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवी शुभम, अरुण और पलक ने नशा मुक्ति पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में भाग लिया। नीति आयोग द्वारा इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्यातिथि और विशेष अतिथि के रूप में भाग लेकर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। राजकीय महाविद्यालय संजौली की प्राचार्य डॉ. भारती भागड़ा, एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अनुपम वर्मा और डॉ. पूजा स्वयंसेवियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। ब्यूरो अमर उजाला 5-12-24

## संजौली कालेज के 3 स्वयंसेवियों ने लिया राज्य स्तरीय नशामुक्त कार्यक्रम में भाग

शिमला, 4 दिसम्बर (ब्यूरो) : राजकीय महाविद्यालय संजौली के 3 स्वयंसेवियों शुभम, अरुण और पलक ने राज्य स्तरीय नशामुक्त कार्यशाला में भाग लिया। यह कार्यशाला नीति आयोग द्वारा आयोजित करवाई गई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री ने नशीली दवाइयों के दुरुपयोग के बारे में सभी को बताया। उन्होंने बताया कि प्रगति और विकास की दिशा में साहसिक कदम किस प्रकार उठाए जाएं। इसके अतिरिक्त नीति आयोग के सदस्य डा. वी.के. पॉल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में किस प्रकार बच्चों के पोषण संबंधी परिणाम में सुधार लाया जाए। इस प्रकार की ज्ञानपूर्वक जानकारी प्राप्त करके स्वयंसेवियों को बहुत प्रेरणा मिली। राजकीय महाविद्यालय संजौली की प्राचार्य डा. भारती भागड़ा तथा एन.एस.एस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अनुपम वर्मा और डा. पूजा डॉल्टा ने स्वयंसेवियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। पंजाब केसरी 05/12/2024




*शिमला : नशामुक्त कार्यशाला में भाग लेने वाले संजौली महाविद्यालय के एन.एस.एस. स्वयंसेवक।* (नि.स.)




संजौली स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर रैली निकालते हुए। संवाद

# वेद प्रिया ने किया पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में हिमाचल का नेतृत्व

शिमला, 25 अक्तूबर (ब्यूरो) : राजकीय महाविद्यालय संजौली की एन.एस.एस. इकाई की स्वयंसेवी वेद प्रिया ने पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर 2024-25 में हिमाचल प्रदेश का नेतृत्व किया। स्वयंसेवी वेद प्रिया ने 10 दिवसीय शिविर के दौरान अपनी प्रतिभा दिखाते हुए अपने पूर्ण उत्साह से अपनी प्रतिभागिता दिखाई। यह



शिविर विवेकानंद ग्लोबल विश्वविद्यालय जयपुर में आयोजित किया गया था, जिसमें देश के उत्तरी क्षेत्र के 8 राज्यों से चयनित स्वयंसेवियों ने अपनी भागीदारी दी। इस शिविर के दौरान विभिन्न